**एस. राजू**
भा.प्र.से. (से.नि.)
**अध्यक्ष**

उत्तराखण्ड शासन

**अधीनस्थ सेवा चयन आयोग**
**उत्तराखण्ड**

अ०शा०प०सं० 54/2022
दिनांक 08/04/2022

## संवाद–208
**विषयः–आयोग का परीक्षा कार्यक्रम**

**प्रिय अभ्यर्थियों,**

आप अवगत हैं कि आयोग द्वारा पिछले 5 वर्षों में 11606 पदों के चयन हेतु 86 लिखित परीक्षायें करायी गई हैं व इनमें से अधिकांश मामलों में चयन संस्तुतियां भी प्रेषित की गई हैं। 5300 और पदों की भर्ती विज्ञप्तियां जारी की गई हैं। इनके लिए लगभग 20 परीक्षाओं का आयोजन भी इस वर्ष किया जायेगा। नई भर्ती विज्ञप्तियों में कुछ समय लगेगा क्योंकि सभी रिक्तियों का एकत्रीकरण किया जा रहा है। अभ्यर्थियों द्वारा आयोग के परीक्षा कार्यक्रम की प्रतीक्षा की जा रही है। इस क्रम में एक अनुमानित परीक्षा कार्यक्रम तय कर लिया गया है। आयोग यह प्रयास करेगा कि मार्च 2023 तक इस कार्यक्रम में निर्धारित सभी परीक्षाओं को संपन्न कर लिया जाय। साथ ही इससे संबंधित शारीरिक दक्षता परीक्षाओं, टंकण परीक्षाओं व आशुलेखन आदि परीक्षाओं को भी सितम्बर 2023 तक पूरा कर लिया जाय।

परीक्षा कार्यक्रम को निर्धारित समय में पूरा करने के लिए आयोग को ऑफलाइन व ऑनलाइन (CBT) दोनों माध्यमों से परीक्षायें आयोजित करनी होंगी। अब तक 06 ऑनलाइन परीक्षाओं के परिणाम जारी किये गये है। वन दरोगा परीक्षा के अतिरिक्त सभी अन्य 05 परीक्षायें व उनका परिणाम उत्तम रहा है व इसमें नॉर्मलाइजेशन भी संतोषजनक रहा है। किसी एक परीक्षा के परिणाम के आधार पर अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन परीक्षाओं का मूल्यांकन किया जाना उचित नहीं है। भारत सरकार की परीक्षा संस्थाायें 90 प्रतिशत परीक्षायें ऑनलाइन माध्यम से करा रही है व कई राज्य सरकारों के आयोग भी ऑनलाइन माध्यम से परीक्षायें सम्पन्न करा रहे हैं। आप स्वयं जानते हैं कि समस्त केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में प्रवेश परीक्षायें सी0बी0टी0 के माध्यम से ही होने जा रही हैं। ऑनलाइन परीक्षाओं में गड़बड़ी को पकड़ा जाना आसान है, क्योंकि सभी अभ्यर्थियों का प्रत्येक माउस क्लिक दर्ज किया जाता है साथ ही सभी परीक्षार्थी CCTV निगरानी में रहते हैं।

आयोग लगातार ऑनलाइन परीक्षाओं की पालियां कम करने व कम्प्यूटर टर्मिनल्स बढ़ानें के लिए प्रयासरत है। वर्तमान में लगभग 7000 कम्प्यूटर नोड्स राज्य में उपलब्ध है व नये कम्प्यूटर केन्द्र भी लगातार स्थापित हो रहे हैं। अतः निकट भविष्य में इनकी संख्या बढ़ेगी व उसी के अनुरूप पालियों की संख्या कम होगी। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के संस्थानों में 100 पालियों की ऑनलाइन परीक्षायें भी वर्तमान में आयोजित हो रही है। आयोग द्वारा अब तक अधिकतम 18 पालियों की परीक्षा कराई गयी है।

नॉर्मलाइजेशन प्रक्रिया के बारे में भी अभ्यर्थी अनावश्यक परेशान न हों क्योंकि आयोग द्वारा उपयोग की जा रही नॉर्मलाइजेशन प्रक्रिया व सूत्र प्रतिष्ठित संस्थानों यथा IIM CAT, GATE व SSC आदि द्वारा भी उपयोग में लाया जा रहा है। संघ लोक सेवा आयोग व राज्य लोक सेवा आयोग में भी कई परीक्षाओं में नॉर्मलाइजेशन की प्रक्रिया को अपनाया जा रहा है।

**क्रमशः–2–**

वहां पर भिन्न–भिन्न विषयों यथा गणित से लेकर भाषा जैसे पृथक–पृथक विषयों में भी अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त किये गये अंकों के मध्य नॉर्मलाइज किया जाता है और शासन के कई वरिष्ठतम पदों पर नियुक्तियां होती हैं। कई बार अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा परिणाम जारी करने में विलम्ब की शिकायत की जाती है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि इस मामले में हमारा आयोग सबसे पारदर्शी व समयबद्व आयोग में से एक है। मैंने पिछली 80 परीक्षाओं का विश्लेषण किया और पाया कि परीक्षा परिणाम जारी करने में औसतन 4–5 माह का समय लिया गया है। परिणाम जारी करने की प्रक्रिया में सबसे अधिक समय प्रश्नों पर आपत्ति तथा उन आपत्तियों के निस्तारण में लगता है। आयोग इस प्रक्रिया को समयबद्व करने के लिए भी शीघ्र कार्यवाही करेगा।

मैं यह बताने में गौरव महसूस हो रहा है कि आयोग किसी भी अन्य परीक्षा संस्था से अधिक पारदर्शिता से परीक्षा करा रहा है। अधिकांश आयोग अभ्यर्थियों से संवाद नहीं करते हैं किंतु उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग परीक्षा के सभी अभिलेखों के पारदर्शी प्रकाशन के साथ ही संवाद व ई–मेल के माध्यम से अभ्यर्थियों से संपर्क में रहता है। अधिकांश आयोग संस्तुति होने तक परीक्षाओं से संबंधित सभी जानकारियां नहीं देते है, यहां तक कि कहीं–कहीं उत्तरकुंजी का प्रकाशन, आपत्तियों का निराकरण भी नहीं किया जाता है। इसी प्रकार प्रारंभिक परीक्षा के अंक भी नहीं बतायें जाते है। पारदर्शिता ने आयोग व अभ्यर्थियों के मध्य आपसी विश्वास को बढ़ाया है। **सभी अभ्यर्थी यह जानते हैं कि पिछले 5 वर्षो में आयोग की किसी भी परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक नहीं हुआ जबकि अन्य स्थानों पर लगातार ऐसे मामले प्रकाश में आये है। अतः आयोग के शुचिता व गोपनीयता के प्रयासों की भी आप तुलना कर सकते हैं। कुछ परीक्षाओं में छोटी–छोटी गड़बड़ियां हुयी है किंतु आयोग ने सभी में कठोर कार्रवाई की व कई साजिशकर्ता गिरफ्तार हुये हैं।**

हाल ही में परीक्षा के प्रश्नों को डिलीट करने के निर्णयों पर कई यू–ट्यूब चैनल्स द्वारा गैर जिम्मेदाराना टिप्पणियां की गयी है। सभी अभ्यर्थी जानते हैं कि लगभग सभी आयोगों में अधिकांश परीक्षाओं में प्रश्न निरस्त किये जाते हैं और प्रश्न निरस्तीकरण का राष्ट्रीय औसत लगभग 5 प्रतिशत है जबकि विभिन्न परीक्षाओं में उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग का निरस्तीकरण औसत 3 प्रतिशत ही है।

अतः ऐसी टिप्पणियों से परेशान न हों। मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा यह मत व्यक्त किया गया है कि परीक्षा मामलों में विषय विशेषज्ञों की राय अंतिम होनी चाहिए। आयोग भी इसी के अनुरूप विषय विशेषज्ञों की राय से कार्य कर रहा है।

उपरोक्त बातों को आपसे साझा करने के साथ ही मैं एक परीक्षा कार्यक्रम भी संलग्न कर रहा हूं। इसे वित्तीय व अन्य संसाधनों के अधीन समय पर पूरा करने का प्रयास रहेगा। आयोग में बहुत कम मानव संसाधन के बावजूद मेरा यह प्रयास होगा कि आयोग के सभी कार्मिक कड़ी मेहनत व निष्ठा से तथा बिना किसी बाहरी दबाव निष्पक्ष एवं उत्कृष्ट चयन में सहयोग करेंगे। आयोग मेहनत व मेरिट आधारित चयन के लिए प्रतिबद्व है व मैं आशा करता हूँ आप में से कई अभ्यर्थियों का राज्य की सेवा में आने का सपना साकार होगा।

।। धन्यवाद व शुभकामनाओं के साथ।।

<u>संलग्नक–उपरोक्तानुसार।</u>

(एस0 राजू)
अध्यक्ष

# उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
## Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: ..........................                                        दिनांक /Date.: ......................

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम निम्नानुसार है :–

<u>परीक्षा कार्यक्रम वर्ष–2022</u>

| क्र. सं. | वि0 सं0 / पदनाम / पद कोड / विभाग का नाम | परीक्षा तिथि / माह | परीक्षा |
|---|---|---|---|
| 1- | वि0 सं0–37 / UKSSSC / 2021<br>पदनाम–वाहन चालक / प्रवर्तन चालक / डिस्पैच | जून 2022 | प्रस्तावित |
| 2- | वि0 सं0–39 / UKSSSC / 2021<br>पदनाम–अनुदेशक विद्युत / कर्मशाला अनुदेशक / अनुदेशक डीजल मैकेनिक व समान अर्हता वाले अन्य पद | जून 2022 | प्रस्तावित |
| 3- | वि0 सं0–45 / UKSSSC / 2021<br>पदनाम–मत्स्य निरीक्षक | जून 2022 | प्रस्तावित |
| 4- | वि0 सं0–35 / UKSSSC / 2021<br>पदनाम–मानचित्रकार / प्रारूपकार / सर्वेयर | जुलाई 2022 | प्रस्तावित |
| 5- | वि0 सं0–36 / UKSSSC / 2021<br>पदनाम–वन आरक्षी | जुलाई 2022 | प्रस्तावित |
| 6- | वि0 सं0–44 / UKSSSC / 2021<br>पदनाम–मुख्य आरक्षी(पुलिस दूरसंचार विभाग) | जुलाई 2022 | प्रस्तावित |
| 7- | वि0 सं0–46 / UKSSSC / 2022<br>पदनाम–राजकीय सहकारी पर्यवेक्षक / सहायक विकास अधिकारी / सहकारी निरीक्षक व समान अर्हता वाले अन्य पद | अगस्त 2022 | प्रस्तावित |
| 8- | वि0 सं0–47 / UKSSSC / 2022<br>पदनाम–गन्ना पर्यवेक्षक / राजकीय दुग्ध पर्यवेक्षक / बागान पर्यवेक्षक व समान अर्हता वाले अन्य पद | अगस्त 2022 | प्रस्तावित |
| 9- | वि0 सं0–34 / UKSSSC / 2021<br>पदनाम–अनुश्रवण सहायक / प्रयोगशाला सहायक / सहकारिता पर्यवेक्षक व समान अर्हता वाले अन्य पद | अगस्त 2022 | प्रस्तावित |
| 10- | वि0 सं0–33 / UKSSSC / 2021<br>पदनाम–बंदीरक्षक | सितम्बर 2022 | प्रस्तावित |
| 11- | वि0 सं0–38 / UKSSSC / 2021<br>पदनाम–चारा सहायक–ग्रुप–2, 3 / वरिष्ठ दुग्ध निरीक्षक / सहायक कृषि अधिकारी व समान अर्हता वाले अन्य पद | सितम्बर 2022 | प्रस्तावित |

क्रमशः — 02



राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय परिसर, रिंग रोड़, लाडपुर, देहरादून उत्तराखण्ड Office Campus of State Election Commission, Ring Road, Ladpur, Dehradun, Uttarakhand
दूरभाष (कार्या0): 0135–2669658, फैक्स: 0135–2672902, वैबसाईट : www.sssc.uk.gov.in, ईमेल: chayanayog@gmail.com

| | | | |
|---|---|---|---|
| 12- | वि0 सं0–42/ UKSSSC/2021<br>पदनाम–पुलिस आरक्षी | सितम्बर 2022 | प्रस्तावित |
| 13- | वि0 सं0–43/ UKSSSC/2021<br>पदनाम–पुलिस निरीक्षक | अक्टूबर 2022 | प्रस्तावित |
| 14- | वि0 सं0–40/ UKSSSC/2021<br>पदनाम–अवर अभियंता | अक्टूबर 2022 | प्रस्तावित |
| 15- | वि0 सं0–41/ UKSSSC/2021<br>पदनाम–अन्वेषक कम संगणक/सांख्यिकी सहायक/सहा0 सांख्यिकी अधिकारी व समान अर्हता वाले अन्य पद | नवम्बर 2022 | प्रस्तावित |
| 16- | वि0 सं0–32/ UKSSSC/2021<br>पदनाम–राजस्व उपनिरीक्षक पटवारी/लेखपाल | नवम्बर 2022 | प्रस्तावित |

नोट :– आयोग द्वारा उपरोक्त प्रस्तावित परीक्षाओं की तिथियों को शीघ्र ही परीक्षा केन्द्र उपलब्ध होने व अन्य व्यवस्थाएं होने पर निर्धारित किया जायेगा।

(संतोष बडोनी)
सचिव।